प्रेस नोट

सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी वार्षिक परीक्षा मार्च–2020 हेतु आंतरिक मूल्यांकन (Internal Assessment)/General Awareness & Life Skill Grade (GLS)/एवं प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक ऑनलाईन भरने हेतु दिया एक और अवसर!

इस आशय की सूचना देते हुए बोर्ड अध्यक्ष, डॉ0 जगबीर सिंह एवं बोर्ड सचिव, श्री राजीव प्रसाद, एच.सी.एस. द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी वार्षिक परीक्षा मार्च–2020 हेतु जिन विद्यालयों द्वारा आंतरिक मूल्यांकन (Internal Assessment) एवं आंतरिक/बाह्य प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक पूर्व में निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन नहीं भरे थे उन्हें जुर्माना के साथ पुनः अंक अपलोड करने के लिए दिनांक 18.04.2020 से 25.04.2020 तक का समय दिया गया था परन्तु अभी भी कुछ विद्यालय ऐसे हैं जिन द्वारा आंतरिक मूल्यांकन (**Internal Assessment**)/**General Awareness & Life Skill Grade (GLS)**/एवं आंतरिक/बाह्य प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक ऑनलाईन अपलोड नहीं किये गये हैं। इस बारे में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों से भी अनुरोध किया गया है कि जिन विद्यालयों द्वारा अभी तक अंक अपलोड नहीं किये गये है उन्हें निर्देश देने का कष्ट करें कि वे दिनांक 04.05.2020 से 11.05.2020 तक बोर्ड वैबसाईट **www.bseh.org.in** पर दिये गये लिंक से विद्यालय लॉगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड द्वारा ऑनलाईन अंक भरें। अंक प्राप्त न होने की अवस्था में परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जायेगा। इसके लिए विद्यालय मुखिया जिम्मेवार होगें। जिन विद्यालयों ने अंक नही भरें हैं उन विद्यालयों की सूची बोर्ड वैबसाईट पर भी उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त उन द्वारा यह भी बताया गया कि सम्बन्धित विद्यालयों से आंतरिक मूल्यांकन (Internal Assessment) एवं आंतरिक/बाह्य प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक हेतु 500/–रुपये प्रति परीक्षार्थी एवं अधिकतम 5000/–रुपये जुर्माना परीक्षार्थियों के प्रमाण–पत्र जारी होने से पूर्व बोर्ड कार्यालय में जमा करवाने अनिवार्य होगे तदोपरान्त ही परीक्षार्थियों के प्रमाण–पत्र जारी किये जायेंगे। आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक हेतु जुर्माना अलग–अलग लिया जायेगा।